हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

9 बावल के नए कोर्ट कैंपस का शिलान्यास भवन पर 35 करोड़ से अधिक होंगे खर्च



10 मौसम साफ रहने से दूर हो रही फसलों की नमी, हैफेड ने खरीदी 17 एमटी सरसों



DK Realestate A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू
Website : www.dkrealestate.co.in
Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate
आप सभी के लिए 100 गज के प्लाट पर
सुनहरा अवसर
30% की छूट* लक्की ड्रा के तहत
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।
9467141575

## खबर संक्षेप

### हत्या कर शव नहर में डाला पहचान कराने में जुटी पुलिस

**रेवाड़ी।** दिल्ली रोड के निकट मांढैया कलां में नहर के पंप हाउस से मंगलवार शाम कंबल में लिपटा हुआ शव मिला है। मृतक की गर्दन पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे यह साफ हो गया कि हत्या करने के बाद ही शव को नहर में डाला गया था। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए, परंतु सफलता नहीं मिली। बाद में शव को डेड हाउस में रखवा दिया। मॉडल टाउन थान पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। जवाहरलाल नेहरू नहर में लगभग एक माह बाद मंगलवार को पानी छोड़ा गया है। पानी के साथ नहर में एक शव बहकर आ गया, जो पंप हाउस की ग्रिल में फंस गया। सिंचाई विभाग के जेई जसराम ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से निकलवाया। सूचना मिलने के बाद मॉडल टाउन एसएचओ विद्यासागर मौके पर पहुंच गई। सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया। आसपास के गांवों में सूचना देकर शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### 15 फरवरी को बंद हुआ था जेएलएन नहर का पानी

# 31 दिन में जेएलएन नहर में पहुंचा पानी, वाटर टैंकों को भरने का काम शुरू, कल से सुचारू होगी पानी सप्लाई

- जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिन छोड़कर एक दिन दी जा रही थी सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी





रेवाड़ी। जेएलएन नहर में मंगलवार को पहुंचा पानी, नहर आने पर कालाका वाटर टैंकों को भरने का काम शुरू। फोटो :हरिभूमि

गर्मी का सीजन शुरू होते ही शहर में एक बार फिर से पीने के पानी की समस्या शुरू हो गई है। शहर में कालाका व लिसाना वाटर वर्क्स से पानी की सप्लाई की जाती है। शहर की बढ़ती आबादी के साथ दोनों वाटर वर्क्स के वाटर स्टारेज टैंकों की स्टोरेज क्षमता लोगों की जरूरत पूरी नहीं कर पा रही है। नहरी पानी बंद होने पर शहर के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जन स्वास्थ्य विभाग की ओर से लंबे समय से नए वाटर वर्क्स के लिए जमीन की तलाश की जा रही है, लेकिन पिछले दो साल से विभाग को जमीन नहीं मिल पा रही है, जिसका खामियाजा शहरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। 15 फरवरी को नहर में पानी आना बंद होने के बाद से जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को अलटरनेट-डे पानी की सप्लाई दी जा रही थी। मंगलवार का सुबह शहर में खूबड़ हेड से जेएलएन नहर में पानी पहुंचने के बाद लोगों को कुछ दिनों तक राहत मिलेगी।

शेड्यूल के अनुसार 11 मार्च तक पानी आना था, लेकिन नहर में 31 दिन में पानी पहुंचा है।

### पानी स्टोरेज के लिए वाटर टैंकों की कमी

जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से वाटर टैंकों में पानी का स्तर कम होने के कारण ट्यूबवेलों से पानी एकत्रित कर काम चलाया जा रहा था। अब नहर के आने से विभाग ने कालाका वाटर वर्क्स के पांच व लिसाना के तीन वाअर टैंकों को भरने का काम शुरू कर दिया है। वाटर टैंकों में दो दिन में पानी का स्तर बढ़ने पर शहरवासियों को सुचारू रूप से पानी की सप्लाई दी जाएगी। विभाग के पानी स्टोर करने के लिए टैंकों की भारी कमी है। दोनों वाटर वर्क्स प्लांटों की क्षमता को देखते हुए शहर में पानी की डिमांड पूरी करना आसान नहीं है। नहर आने पर सभी वाटर टैंकों को भरने में 8 से 10 दिन का समय लगेगा।

### हर बार गड़बड़ा रहा नहर का शेड्यूल

शेड्यूल के अनुसार नहर के बंद होने का समय 16 दिन का है, लेकिन हर बार शेड्यूल गड़बड़ाने से समस्या पैदा हो जाती है। इस समय शहर की पानी की जरूरत पूरी करने के लिए कम से कम चार वाटर टैंकों के साथ नए वाटर वर्क्स की आवश्यकता है। वाटर वर्क्स का निर्माण करने के लिए विभाग को कम से कम पांच एकड़ जमीन की जरूरत है। कालाका वाटा वर्क्स के पांच टैंकों की क्षमता 950 गैलन पानी स्टोरज की है, लिसाना के दो वाटा टैंकों की क्षकता 340 गैलन व एक नए वाटर टैंक की पानी स्टोरेज क्षमता 32 करोड़ 640 लाख लीटर है। नहरी पानी का शेड्यूल पहले 16-16 दिन का था। यानी 16 दिन नहर में पानी आता था और 16 दिन नहर बंद रहती थी। अब 3 साल से शेड्यूल 16-24 का हो गया है। अब 16 दिन नहर में पानी आता है और 24 दिन बंद रहता है।

### दो दिन में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी

*मंगलवार को खूबडू हेड से जेएलएन नहर में पानी पहुंच गया है। नहर आने पर अब शहरवासियों को दो दिन में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जाएगी। 16 दिन नहर चलती रही तो गर्मी में पानी की समस्या काफी दूर होगी।*
*-विनय चौहान, एक्सईएन, जनस्वास्थ्य विभाग।*

RAJ INTERNATIONAL SCHOOL
FULLY AC CAMPUS & TRANSPORT FACILITY
AFFILIATED TO CBSE, AFF. NO. 531359
presents
A BIG OPPORTUNITY FOR YOUR LITTLE STARS TO SHINE
Young Genius Hunt Show
(A Journey of Joy & Achievement)
For Grade Pre-Nursery to 4
SUNDAY 23 MARCH 2025
TIMINGS 10 AM TO 1 PM
SCHOLARSHIP
RANK 1: 25,000/-
RANK 2: 23,000/-
RANK 3: 21,000/-
RANK (4 TO 10): 15,000/-
RANK (11 TO 20): 11,000/-
ATTRACTIVE GIFTS FOR ALL THE PARTICIPANTS
EVENTS
GROUP 1 Grade Pre Nursery to KG (3+ to 5+ years)
• Best Dressed Up Baby
• Colouring
• Sunshine Smile
• Poem Recitation
GROUP 2 Grade 1 & 2 (6+ & 7+ years)
• Drawing & Colouring
• Poem Recitation
• Hindi Calligraphy
• English Calligraphy
• Solo Dance
• Fancy Dress
GROUP 3 Grade 3 & 4 (8+ & 9+ years)
• Best Dramebaaz
• Hindi Calligraphy
• Declamation
• Standup Comedy
• English Calligraphy
• Drawing & Colouring
• Solo Dance
• Solo Singing
SCAN HERE FOR REGISTRATION
Register your child online through https://risrewari.com/talent_hunt
Detailed information is available on our website www.risrewari.com
Take your first step towards a successful career
Golden Opportunity to avail
upto 100% Scholarship
राज इंटरनेशनल स्कूल में NEET | IIT-JEE NDA | CA/CS CLAT | UPSC & Entrepreneurship Foundation की अलग से तैयारी
RAJ SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST
GRADE IX & XI
SUPER 30 BATCHES FOR GRADE IX & XI
23 MARCH 2025 (SUNDAY)
TIMINGS: 11 AM TO 1 PM
EXAM PATTERN (MCQ)

| Classes | Subjects | Total Marks | Minutes |
|---|---|---|---|
| IX | Maths (15) Physics (5) Biology (5) Chemistry (5) S.St. (10) Reasoning (10) | 50 | 60 |
| XI (Medical) | Physics (15) Biology (20) Chemistry (15) | 50 | 60 |
| XI (Non-Medical) | Physics (15) Maths (20) Chemistry (15) | 50 | 60 |
| XI (Commerce) | Maths (25) Economics (15) Reasoning (10) | 50 | 60 |
| XI (Arts) | English (15) S.St. (25) Reasoning (10) | 50 | 60 |

Note: Scholarship Exam will be based on entire syllabus of the existing class.
Register your child online through https://risrewari.com/scholarship_new
Detailed information is available on our website www.risrewari.com
SCAN HERE FOR REGISTRATION
FOR MORE DETAILS: 8053166603, 8168448364
LEO CHOWK, SECTOR-5, REWARI
FOR MORE DETAILS: 8053166601, 7027747624



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।

लाइफ Style



# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।




# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी



बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।

# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।



***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।



### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203 , बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*

**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।



### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थी।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप



### बीएंडआर के एक्शन पर मांगें नहीं मानने का आरोप

**नारनौल।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन शाखा बी एंड आर की बैठक प्रधान कपिल यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन सचिव अनिल कुमार ने किया, जिसमें पूर्व राज्य प्रधान जगनलाल निनानियां, जिला कैशियर नरेंद्र, ब्रांच कैशियर विकास, उपप्रधान कृष्ण यादव एवं सहसचिव आकाश यादव आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। प्रधान कपिल ने बताया कि यूनियन के शिष्ट मंडल ने अनेक बार कार्यकारी अभियंता बी एंड आर को पत्र द्वारा मांगों के बारे में अवगत कराया है, लेकिन अभी तक उन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। प्रधान ने बताया कि अनेक मांग ऐसी हैं, जिसमें सरकार का एक पैसा भी खर्च नहीं होता।

### नारनौल कार्यालय में शिक्षा विभाग की बैठक

**नारनौल।** नशा एवं ड्रग उन्मूलन के अंतर्गत खण्ड के प्राचार्य, मुख्याध्यापक एवं मौलिक मुख्य अध्यापकों की बैठक मंगलवार खण्ड नारनौल कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने की। बैठक में बीईओ अशोक कुमार शर्मा द्वारा विशेष वक्ता के तौर पर उप सिविल सर्जन डॉ राजेश कुमार एवं एमएंडई अधिकारी दिलबाग सिंह को आमंत्रित किया गया। इसके अतिरिक्त विषय विशेषज्ञ के रूप में खंड में कार्यरत प्रवक्ता साइकोलॉजी मोनिका, कौशल्या एवं नीरज श्योपर्णा को आमंत्रित किया गया। जिन्होंने नशे के कारणों और रोकथाम पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर डीईओ संतोष चौहान उपस्थित थे।

### सेहलंग में आज व कनीना में 23 को रक्तदान शिविर

**कनीना।** कनीना विकास खंड के गांव सेहलंग में 19 मार्च बुधवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। बलराम की पुण्यतिथि पर हनुमान मंदिर प्रांगण में सुबह 10 बजे से सायं पांच बजे तक आयोजित इस शिविर का शुभारंभ प्रचायत समिति कनीना के चेयरमैन जेपी यादव व हरीश भारद्वाज करेंगें। रक्तदाताओं को हैल्मेट प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। दूसरी ओर शहीद भगत सिंह के बलिदान दिवस पर आगामी 23 मार्च को कनीना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। संगठन के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि यह शिविर शहीद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव की संवेदना को समर्पित होगा।

### दो दिवसीय सेढ माता का मेला 22 से

**मंडी अटेली।** क्षेत्र से सटे राजस्थान के गांव शिवदानसिंहपुरा-बंथला में दो दिवसीय सेढ़ माता का मेला 22 मार्च से शुरू होगा। मेले में माता का भंडारा व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। सेढ़ माता सेवा समिति के कोषाध्यक्ष मनोज यादव ने बताया कि हर वर्ष की भांति सेढ़ माता के विशाल मेले 23 मार्च को भंडारा व जागरण होगा। विजेता खिलाड़ियों को 22 मार्च को युवा समाजसेवी ओमपाल यादव निवासी शिवदानसिंहपुरा द्वारा पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।

### खेड़ी तलवाना में 6 को होगा माता का मेला

**कनीना ।** कनीना-दादरी मार्ग स्थित खेडी तलवाना में आगामी छह अप्रैल को शीतला, माता मार्गुपर वाली के धार्मिक मेले का आयोजन किया जाएगा। बाबा भोलागिरी आश्रम के महंत श्यामगिरी ने बताया कि मेले में रात्री 10 बजे रागनी कंपीटीशन होगा। जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार सतपाल भाटी, शिल्पा तिवारी, रचना तिवारी, पूजा शर्मा, संजू, देवेंद्र व रामखिलारी द्वारा श्रोताओं का मनोरंजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में सुबह सवा आठ बजे हवन होगा उसके बाद 10 बजे रागनी कंपीटीशन तथा सवा दस बजे भंडारा प्रारंभ होगा।

### एनएचएम कर्मचारियों ने घेराव संबंधित पोस्टर चस्पाएं, डीसी कार्यालय को भी करवाया अवगत

# एनएचएम कर्मियों के सेवा नियमों को फ्रीज किए बीते 9 माह, अब सीएम आवास घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई की बैठक मंगलवार को नागरिक अस्पताल परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र ने की। इस दौरान अस्पताल कैम्पस व आस पास क्षेत्र में सीएम आवास घेराव के पोस्टर चस्पाए गए। वहीं एक प्रतिनिध मंडल डीसी कार्यालय पहुंचा और वहां ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन डीसी कार्यालय के अधीक्षक सुरेंद्र कुमार को दिया गया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य स्वास्थ्य समिति हरियाणा के अधीन कार्यरत प्रदेश के सभी एनएचएम कर्मचारियों को सेवा नियम 2018 को अधिसूचित करते हुए एक जनवरी 2018 से लागू किया गया था, जिसमें कर्मचारी की पांच वर्ष की संतोषजन सेवा उपरान्त उसे बेसिक पे-सहित महंगाई भत्ता एवं 10 वर्ष की सेवा उपरान्त मकान किराया भत्ता सहित वेतन प्रदान करने का प्रावधान किया गया था। परन्तु 29 अक्तूबर 2024 को मिशन निदेशक एनएचएम हरियाणा द्वारा वित्त विभाग की आपत्ति का हवाला देते हुए पत्र जारी किया गया। उक्त पत्र में एनएचएम कर्मचारियों के सेवा नियमों को 26 जून 2024 से सेवा नियमों को फ्रीज कर दिया गया। जिसके परिणाम स्वरूप कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से जो वेतन बढ़ोतरी मिली थी, वह माह नवम्बर के वेतन में से काट दी गई और जिले में लगभग 80 कर्मचारियों की सन्तोषजन सेवा पांच जनवरी को पूर्ण हो चुकी है, जो पिछले पांच वर्षों से मामूली वेतन में इस उम्मीद के साथ नौकरी रहे थे, कि पांच वर्ष पूर्ण होने पर हमें सम्मानजनक वेतन मिलेगा। उन कर्मचारियों को भी 20 हजार से 40 हजार तक की मासिक आर्थिक हानि हो रही है। सरकार के इस रवैये के कारण इन कर्मचारियों को मजबूरन माननीय उच्च न्यायालय में केस दायर करने के लिए अनावश्यक लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

उनके बारे में कोई भी नियमितिकरण पॉलिसी जारी नही की गई है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2018 में भाजपा सरकार द्वारा सेवा नियम जारी किए गए थे तथा भाजपा सरकार के शासन काल में ही सेवा नियमों को फ्रीज करके एनएचएम कर्मचारियों के मुंह का निवाला छिनने का कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण मजबूर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रान्तीय कार्य समिति द्वारा 23 मार्च 2025 को कुरूक्षेत्र में स्थित मुख्यमन्त्री आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान जिला मंत्री विनोद राव ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भारतीय मजदूर संघ के जिला सचिव कर्मवीर जाखड़, अजीत यादव, महेश सैनी, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला कोषाध्यक्ष नितेश बन्सल, टीका थापा बहादुर, भावना, स्वेता शर्मा, हेमन्त यादव, उमेश कश्यप, गौरव कक्कड़, ऋषी गोठवाल, प्रेम प्रकाश, हेमन्त गर्ग, जितेन्द्र यादव, अशोक जांगड़, लोकश शर्मा, सुनिता, अनिता देवी, सोनु, गंगा बाई, सविता यादव, ज्ञानवती, कमलेश यादव इत्यादि मौजूद थे।



नारनौल। डीसी कार्यालय पहुंचे एनएचएम कर्मी। फोटो :हरिभूमि

**भाजपा काल में कर्मचारियों के मुंह से छीना निवाला**

संघ के प्रदेश कार्यालय सचिव हरकेश ने कहा कि बीते माह 22-23 फरवरी को स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का तृतीय द्विवार्षिक प्रांतीय अधिवेशन यादव धर्मशाला कुरूक्षेत्र में आयोजित किया गया था। अधिवेशन में भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति में हरियाणा प्रदेश में राज्य/जिला स्वास्थ्य समिति के तहत राज्य स्वास्थ्य मिशन हरियाणा में अनुबन्ध आधार पर कार्यरत कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान करने/नियमित करने बारे प्रस्ताव पारित किया गया। उन्होंने बताया राज्य स्वास्थ्य मिशन हरियाणा में एनएचएम के अन्तर्गत हजारों कर्मचारी वर्ष 1998 से अपनी अनुबन्धित आधार पर सेवाएं दे रहे हैं, 1998 के बाद विभिन्न सरकारों द्वारा अनुबन्धित कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर नियमित किया गया, परन्तु एनएचएम कर्मचारियों के साथ सभी सरकारों द्वारा सौतेला व्यावहार किया गया।

## भारत-रूस सांस्कृतिक एकजुटता में दोनों संस्कृतियों के कलाकारों ने दर्शकों का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

रूसी बैले, रूसी ओपेरा, भारतीय फैशन-शो तथा रूसी कलाकार द्वारा गाया गया भारतीय गीत जय हो व भारतीय म्यूजिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान मुख्य आकर्षण बनकर दर्शकों को अपनी और आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, विशिष्ट अतिथि अनिल कौशिक हरियाणवी कला संस्कृति प्रभारी, रजिस्टर डॉ. देवेंद्र यादव, वेटरनरी कॉलेज डीन डॉ. रामलाल भारद्वाज, डॉ. धर्मेंद्र कुमार कार्यक्रम समवयक कॉलेज डायरेक्टर डॉ. महेश यादव, डिग्री कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देवेंद्र कादयान सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे। कॉलेज रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने बताया कि भारत और रूस के बीच सांस्कृतिक एकजुटता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नेशनल रिसर्च मोर्दोविया स्टेट यूनिवर्सिटी सारांशक, रूस और आरपीएस ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट के संयुक्त सहयोग से एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सोमवार शाम छह बजे वेटरनरी साइंसेज कॉलेज के सभागार में किया गया। न्यू-एरा एजुकेशन के डायरेक्टर डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मोर्दोविया स्टेट यूनिवर्सिटी एकमात्र ऐसी रूसी यूनिवर्सिटी है, जहां भारतीय सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किया गया है। गौरतलब है कि आरपीएस ग्रुप व रस्शियन यूनिवर्सिटी के बीच आपसी शैक्षणिक सहयोग के लिए एमओयू है। इस कार्यक्रम में मोर्दोविया स्टेट यूनिवर्सिटी और इंस्टीट्यूट आफ नेशनल कल्चर, रूस द्वारा प्रस्तुत विश्वप्रसिद्ध रूसी बैले डांस का प्रदर्शन किया गया।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित कलाकर। फोटो : हरिभूमि

### अभिनंदन समारोह में पहुंचे अटेली प्रधान संजय गोयल

**मंडी अटेली।** नगर निकाय चुनाव में मिली प्रचंड जीत से गदगद भारतीय जनता पार्टी ने पंचकूला स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष, नवनिर्वाचित मेयर और चेयरमैनों का स्वागत और अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। इस स्वागत और अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, डा. अर्चना गुप्ता व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी भी उपस्थित रहे। इस अभिनंदन कार्यक्रम में अटेली से नवनिर्वाचित चेयरमैन संजय गोयल भी पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ अटेली के पूर्व विधायक सीताराम यादव, अटेली पंचायत समिति के चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद, पार्षद अनिल गुप्ता, राकेश सेठ, परमानंद व सुरेश शर्मा मौजूद रहे।

## आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

आरपीएस इंजिनियरिंग कॉलेज बलाना में दो दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कांफ्रेंस सीएसआईआर-सीरी पिलानी के संयुक्त तत्वाधान में कराई गई। कांफ्रेंस के मुख्यातिथि हकेंवि के कुलपति प्रो. (डॉ.) टंकेश्वर कुमार रहे।

कांफ्रेस की कन्वीनर डॉ. रोजालीना दास ने बताया कि यह कांफ्रेस हाइब्रीड मोड में आयोजित की गई, जिसमें साइंस, इंजिनियरिंग, ह्यूमनीटीज तथा मैनेजमेंट विषयों से संबंधित 100 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन किया तथा कांफ्रेस सोविनायर का विमोचन किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि इस कांफ्रेस का थीम इनोवेशन इन साइंस, इंजिनियरिंग, ह्यूमनीटीज तथा मैनेजमेंट बहुत ही प्रासांगिक है, क्योंकि भारत को दुनिया के अग्रणी देशों में देखना चाहते हैं, तो सबसे अधिक इनोवेशन पर काम करना होगा। आज दुनिया के छोटे-छाटे देश भी इनोवेशन के कारण ही पूरी दुनिया में छाए हुए है।

यदि हमें अपने देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करना है तो हमें अपने छात्रों को शोध के लिए प्रेरित करना होगा। इसके लिए सबसे पहले हमें भी शिक्षा के साथ-साथ गुणवक्ता पूर्ण शोध पर ध्यान देना होगा। यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इस संबध में हमारे देश की छवि बेहतर हुई है।

इसलिए हमारा देश अब 55 में से 40वें स्थान पर आ गया है। जिसे हमें पहले 10 देशों की श्रेणी में लेकर आना है। प्रो. मीतू मल्होत्रा ने बताया कि कौन-कौन से टूल रिसर्च में प्रयोग कर सकते हैं।




महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व स्टाफ सदस्य। फोटो: हरिभूमि

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज के 2 विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी टॉप-10 सूची पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय द्वारा एमकॉम तीसरे सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के दो विधार्थियों ने टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त किया, जिसमे नैंसी पुत्री जगदीश ने 8.56 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं सुषमा पुत्री छोटूराम ने 8.21 लेकर पांचवा हासिल किया। इन विद्यार्थियों ने यह स्थान हासिल करके न केवल अपना बल्कि अपने माता-पिता व अपने कॉलेज के साथ-साथ क्षेत्र का नाम भी रोशन किया। अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि इन विद्यार्थियों ने अपने अध्ययन में अनुशासन और लग्न को प्राथमिकता देते हुए इस परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाया। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने बताया कि इन विद्यार्थियों ने शिक्षा क्षेत्र में सफलता का परचम लहराते हुए टॉप-10 सूची में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह सफलता न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरी कॉलेज के लिए गर्व का विषय हैं। विजय सिंह यादव ने बताया कि यदुवंशी कॉलेज हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में नित नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी।

## सरकार के बजट को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़



बजट में किसानों एवं उद्यमियों सहित सभी वर्गों का हित सुरक्षित रखते हुए उनके उत्थान का प्रावधान किया गया है। महिलाओं के हित में तो कई अहम निर्णय लिए गए हैं। बजट काफी सराहनीय है।

*-डॉ. शोभा यादव*



शिक्षा के क्षेत्र में यह बजट कारगार साबित होगा। प्रदेश सरकार ने बजट में हर वर्ग को ध्यान रखा है। इस बजट से हर वर्ग को फायदा। वहीं महिलाओं के लिए प्रदेश सरकार का यह क्रांतिकारी कदम है। गरीब महिलाओं को घर खर्च और निजी खर्चा करने में आसानी होगी

*-हरीश भारद्वाज, चेयरमैन बीआर ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस*



हरियाणा सरकार ने सभी वर्गों की ध्यान में रखते हुए विकास का बजट पेश किया है। जहां एक तरफ हर जिले में मॉडल संस्कृति विद्यालय में स्पोर्ट्स एक्सीलेंस सेंटर बनाया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ पूरे हरियाणा के स्कूलों में लगभग 600 स्टेम लैब भी स्थापित की जाएगी। किसान के लिए पशुधन बीमा योजना को पांच किसान से बढ़ाकर 10 किया गया है, जिससे छोटे किसानों एवं पशु पालकों को लाभ होगा। लाडो लक्ष्मी योजना के लिए भी 5000 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है। हर महिला को हर महीने 2100 राशि का वादा पूरा होगा। ये बजट हर वर्ग के लिए लाभदायक है तथा कोई नया टैक्स भी नहीं लगाया है।

*-डॉ. अर्चना ठाकुर, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा भाजापा*



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते बीआर ग्रुप चेयरमैन हरीश भारद्वाज।

## बीआर स्कूल में साइंस ओलंपियाड विजेताओं का हुआ सम्मान

**महेंद्रगढ़।** बीआर स्कूल सेहलंग में साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन, गुरुग्राम द्वारा आयोजित विज्ञान ओलंपियाड में स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह छात्रों की अनूठी उपलब्धियों को मान्यता देने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन वशिष्ठ के प्रेरणादायक भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि वास्तविक प्रतिभा देश के ग्रामीण इलाकों में बसती है। आज हमारे छात्र महानगरों के विद्यार्थियों के समकक्ष अपनी श्रेष्ठता सिद्ध कर रहे हैं। चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने कहा कि जब विद्यार्थी मन लगाकर मेहनत करते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का प्रदर्शन करने का संकल्प लेते हैं, तो वे असंभव को भी संभव कर दिखाते हैं।

## संगीत कुर्सी प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया जोश और उत्साह


**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी शिक्षा निकेतन में मंगलवार को एक मनोरंजन संगीत कुर्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के मनोरंजन और मानसिक व शारीरिक शक्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल के नियम के अनुसार, संगीत बंद होते ही सभी प्रतिभागियों को कुर्सी पर बैठना था। प्रत्येक राउंड में एक कुर्सी हटाई जाती रही और अंत में एक विजेता चुना गया। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता केवल मनोरंजन के लिए नहीं, बल्कि यह हमें जीवन में कई महत्वपूर्ण पाठ भी सिखाती है। ग्रुप चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि हार और जीत जीवन का हिस्सा है। हमेशा सकारात्मक सोचें, आत्मविश्वास बनाए रखें और लगातार मेहनत करते रहें। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेन्द्र सिंह ने सभी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की।




महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आकाश एकेडमी में नव सत्र पर हवन यज्ञ आयोजित

**महेंद्रगढ़।** आकाश एकेडमी में मंगलवार को नवसत्र के उपलक्ष्य पर हवन का आयोजन किया गया, जिसमें एकेडमी के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने स्वस्तिवाचन मत्रों के साथ आहुति डालकर वातावरण सहित मानसिक शुद्धि की। हवन के साथ मां सरस्वती के चरणों में पुष्पार्पित व दीप प्रज्वलित कर नए सत्र की शुरूआत की। सभी बच्चों में अपनी संस्कृति का परिचायक यज्ञ कीमेहता को समझा। देवेंद्र बैरावास ने सहर्ष अभिभादन व स्वागत किया तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हवन का समापन प्रसाद वितरण के साथ किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील गोरा, बालमुकुंद गुप्ता, डिप्टी राम शर्मा, विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, मनोज खेड़ा, कंचन यादव, ज्योति तंवर, जसवंत, नितिन, आकाश, संजय, बबीता यादव, कैलाश व मंगल सिंह आदि मौजूद रहे।





महेंद्रगढ़। विद्यालय में हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बीजेआरडी में हवन कर नए सत्र का प्रारंभ किया

**महेंद्रगढ़।** बीजेआरडी स्कूल में हवन यज्ञ के साथ नया सत्र प्रारंभ हुआ, जिसमें स्कूल संचालक राजपाल यादव, प्राचार्य व स्कूल स्टॉफ के साथ हवन किया गया। पंडित कुलदीप भारद्वाज ने बताया कि हवन यज्ञ के साथ भारतीय संस्कृति में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है। एक दृष्टि से देखा जाए तो भगवान से अधिक महत्व गुरू का है। गुरु शब्द दिखने में जितना छोटा है, उसका महत्व उतना ही अधिक है। जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर जीवन को ज्ञानरूपी प्रकाश प्रदान करे, वही गुरु होता है। गुरु जीवनभर ज्ञान की ज्योति जलाते हुए अपने शिष्यों का जीवन प्रकाशित करता है। गुरु मोमबत्ती के समान होता है, जोकि खुद जलकर दूसरों को प्रकाश देता है और बच्चों को नशे से दूर रहने का आवाहन किया।

## कॉलेज में स्वास्थ्य की चुनौतियां व भारतीय जीवनशैली पर संगोष्ठी आयोजित

### अधिकतर रोगों की जड़ आधुनिक जीवनशैली है योगी : डॉ यशपाल आर्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल

राजकीय महाविद्यालय में युवा रेड क्रॉस प्रकोष्ठ के सानिध्य में 'स्वास्थ्य की चुनौतियां और भारतीय जीवनशैली' विषय पर आरोग्य भारती हरियाणा के सौजन्य से एक प्रेरणादायक संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय यूथ रेडक्रॉस के सानिध्य में स्वास्थ्य और जीवनशैली से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही साथ आरोग्य भारती के स्वच्छ जीवन शैली ब्रोसर का प्राचार्य डॉ पूर्ण प्रभा और स्टाफ सदस्यों के कर-कमलों द्वारा प्रमोट किया गया। इस संगोष्ठी में प्रमुख वक्ता आरोग्य भारती के प्रान्त सचिव योगी, डॉ यशपाल आर्य और जिला महेंद्रगढ़ के सचिव योगाचार्य डॉ नितिन कुमार रहे। डॉ यशपाल आर्य ने विद्यार्थियों को बताया कि आज संसार में लगातार रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। अधिकतर रोगों की जड़ आधुनिक जीवनशैली है। उन्होंने आधुनिकता की भागदौड़ में होने वाले रोगों की जानकारी दी, जैसे माइग्रेन, सर्वाइकल, अनिद्रा, याददाश्त, भूलने की आदत बढ़ना, मन की चंचलता बढ़ना, ज्यादा उग्र रहना या भयभीत रहना आदि और उनसे बचने के लिए सचेत किया। रसोई में सफेद नमक, चीनी, मैदा, रिफाइंड तथा एल्युमिनियम के बर्तन का प्रयोग बन्द करे और बाजार तले भुने मिलावट के बने हुए समान का निषेध रखे।



नारनौल। संगोष्ठी में हिस्सा लेते वाले। फोटो: हरिभूमि

### आरपीएस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर हुआ कार्यशाला आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई की ओर से मंगलवार को आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रचना यादव व राकेश कुमार मुख्य वक्ता रहे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के कार्यान्वयन को लेकर व्याख्यान प्रस्तुत किया। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजी. मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में शिक्षकों को बताई।

**सूचना**

मैं, रणजीत सिंह पुत्र श्री मतु राम निवासी मकान नंबर डी.पी.-4, वार्ड नंबर-2, मौहल्ला फकीर वाडा, बावल, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरी पुत्री दिपेश मेरे कहने–सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### सट्टा खाईवाली करने के आरोप में दो गिरफ्तार

रेवाड़ी। अग्रसेन चौक के पास सट्टा खाईवाली करने के आरोप में सिटी पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार भाड़ावास फाटक के पास हंसनगर निवासी गिरीश व हंसनगर निवासी गिरीश सार्वजनिक स्थान पर सट्टावाली कर रहे थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर दोनों को काबू कर लिया। गिरीश के कब्जे से पुलिस ने सट्टे की 1130 रुपये राशि व पर्चियां बरामद की हैं। आरोपी का मोबाइल फोन भी पुलिस ने कब्जे में लिया है।

### ई-रिक्शा चालक के खिलाफ केस दर्ज

रेवाड़ी। जीआरपी ने चरखी दादरी रेलवे स्टेशन के मेन गेट पर ई-रिक्शा खड़ी करके यातायात बाधित करने के आरोप में चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार दादरी निवासी सतेंद्र ने अपना ई-रिक्शा रेलवे स्टेशन के मेन गेट पर खड़ा किया हुआ था। इससे आवागमन बाधित हो रहा था। बार-बार समझाने के बाद भी उसने ई-रिक्शा वहां से नहीं हटाई। जीआरपी स्टाफ ने उसे मौके पर ही ई-रिक्शा के साथ काबू कर लिया।

### कंपनी के लिए घर से निकला युवक लापता

रेवाड़ी। बालधन कलां से गुरूग्राम कंपनी में जाने के लिए निकला एक युवक लापता हो गया। पुलिस शिकायत में नरेश ने बताया कि उसका बेटा इंद्रकुमार एक कंपनी में गुरूग्राम नौकरी करता है। गत 4 मार्च को वह घर से कंपनी के लिए निकला था। उसके बाद वह घर नहीं आया। कंपनी में पता करने पर बताया गया कि वह कई दिनों से नहीं आ रहा। काफी तलाश करने के बाद भी उसके बेटे का कोई पता नहीं चला। उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है।

### पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप 23 को

रेवाड़ी। जिला रेवाड़ी पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन की ओर से 23 मार्च को जिला पॉवर लिफ्टिंग इक्यूपड एंड क्लासिक चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। एसोसिएशन की जनरल सेक्रेटरी आशा रानी, प्रेसिडेंट व ज्वांइट सेक्रेटी किरणदीप सिंह व ट्रेजरार विनोद कुमार ने बताया कि चैंपियनशिप में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर व मास्टर महिला व पुरुषों के लिए आयोजित की जा रही है। चैंपियनशिप को आयोजन मनचंदा ईडन गार्डन के पास स्थित एसएफटी जिम में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर के विजेता 11 अप्रैल से 13 अप्रैल तक फरीदाबाद में होने वाली स्टेट पॉवर लिफ्टिंग चैपियनशिप में भाग लेंगे।

### होटल में फायरिंग के दो और आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी चौकी पुलिस ने एनएच-48 पर गांव साल्हावास के पास स्थित होटल में फायरिंग करके जानलेवा हमला करने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव पातुहेड़ा निवासी सत्यनारायण व नरेंद्र के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में मुख्य आरोपी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।

# बावल के नए कोर्ट कैंपस का शिलान्यास, भवन पर 35 करोड़ से अधिक होंगे खर्च

- पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु ने वीसी के माध्यम से किया शिलान्यास किया, हाईकोर्ट जस्टिस राजेश भारद्वाज ने समारोह में की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/बावल





रेवाड़ी। बावल में कोर्ट के नए भवन के शिलान्यास की पूजा में मौजूद न्यायाधीश तथा कार्यक्रम में छात्राओं को सम्मानित करते जज। फोटो : हरिभूमि

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागु ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बावल में लघु सचिवालय के साथ लगती 8.5 एकड़ भूमि पर बावल न्यायिक परिसर का शिलान्यास किया। शिलान्यास समारोह में हाईकोर्ट में रेवाड़ी जिले के प्रशासनिक न्यायाधीश राजेश भारद्वाज बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंद्र सिंह वधवा, डीसी अभिषेक मीणा व बावल बार एसोसिएशन के प्रधान प्रीतम ढिल्लों भी मौजूद थे।

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु ने वीसी के जरिए कहा कि बावल में कोर्ट कैंपस बनने से आमजन के साथ अधिवक्ताओं को काफी सुविधा मिलेगी। कोर्ट कैंपस के निर्माण पर 35 से 40 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आम जनता का विश्वास न्यायपालिका के प्रति अडिग है। हमें उस भरोसे को टूटने नहीं देना है। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से हाईकोर्ट बिल्डिंग कमेटी के चेयरमैन जस्टिस अरुण पल्ली व बावल कोर्ट की प्रशासनिक न्यायाधीश निजा गिल भी जुड़ी। समारोह को मुख्य अतिथि हाईकोर्ट जस्टिस राजेश भारद्वाज ने कहा कि बावल कोर्ट का भवन बनवाने का मामला विगत आठ सालों से विचाराधीन था, जिसे अब जाकर सिरे चढ़ाया जा रहा है, जिसके लिए रेवाड़ी व बावल बार अथक प्रयासरत थी। उन्होंने कहा कि बार और कोर्ट के आपसी तालमेल से ही मुश्किलों को हल किया जा सकता है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने हवन में पूर्ण आहुति अर्पित कर तथा दीप जलाकर नए भवन की आधारशिला रखी।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरविंद्र सिंह वधवा ने अधिवक्ताओं, जिला प्रशासन के अधिकारियों तथा हाईकोर्ट अथॉरिटी का आभार व्यक्त किया। बावल बार एसोसिएशन के प्रधान प्रीतम ढिल्लों ने एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि का स्वागत किया। वरिष्ठ अधिवक्ता राव रघुबीर सिंह, राजेंद्र सिंह व विरेंद्र महलावत ने जस्टिस राजेश भारद्वाज को पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। दिव्यांग कलाकार मान सिंह, मानसी भारद्वाज व आईजी यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने सभी कलाकारों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सीजेएम डा. रेणु सोलखे ने कार्यक्रम में मंच संचालन किया। इस अवसर पर एडीजे पीयूष शर्मा, अरविंद नासिर, सौरभ कुमार, सुनीता ग्रोवर, अंकिता शर्मा, लोकेश गुप्ता, रेवाड़ी बार के प्रधान विश्वामित्र यादव व डीएसपी सुरेंद्र श्योराण सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद थे।

## किसानों से सरसों को सुखाकर लाने की अपील

# मौसम साफ रहने से दूर हो रही फसलों की नमी, हैफेड ने खरीदी 17 एमटी सरसों

- आगामी दिनों में जोर पकड़ेगी सरसों की आवक
- मंगलवार को नई अनाजमंडी में करीब 11 किसानों के गेटपास काटे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। नई अनाजमंडी में सरसों खरीदते हुए हैफेड अधिकारी तथा नई अनाजमंडी में सरसों सुखाते हुए मजदूर। फोटो :हरिभूमि

नई अनाजमंडी में 15 मार्च से सरसों की एमएसपी पर सरकारी खरीद शुरू हो चुकी है, लेकिन सरसों में आ रही नमी के कारण खरीद नहीं हो पाई। हैफेड की ओर से मंगलवार को पहली सरसों की परजेज की गई। मौसम साफ रहने से सरसों की नमी धीरे-धीरे कम हो रही है। मंगलवार को नई अनाजमंडी में करीब 11 किसानों के गेटपास काटे गए तथा हैफेड की ओर से 17 एमटी यानि 170 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। हैफेड की ओर से 8 प्रतिशत तक नमी की सरसों की खरीद की जा रही है। सरसों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य 5950 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से की जा रही है। किसान अनाजमंडी में अब तक 7 हजार क्विंटल से अधिक सरसों आढतियों को ओपन में बेच चुके है। अनाजमंडी में सरसों का भाव 5400 से 6000 रुपये प्रति क्विंटल चल रहा है। इसके अलावा एक अप्रैल से गेहूं की 2425 प्रति क्विटल एमएसपी पर सरकारी खरीद की जाएगी। जिले में इस सीजन में करीब 75000 हेक्टेयर में सरसों व करीब 33000 हेक्टेयर में गेहूं की बुआई की गई थी। एमएसपी पर सरसों बेचने के लिए किसानों का मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होना जरूरी है।

### 8% तक नमी की सरसों की होगी खरीद

हैफेड डीएम प्रवीण कुमार ने कहा कि किसान सरसों को मंडी में अच्छी तरह सुखाकर व साफ करके लाएं। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 8 प्रतिशत तक नमी की सरसों को ही खरीदा जाएगा। सरसों में ज्यादा नमी, खराब गुणवत्ता, मिट्टी, पत्थर व कचरा व अन्य पदार्थ मिलते है तो खरीद नहीं की जाएगी। सरसों में तोरिया व अन्य मिलावट दो प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। दाने कटे हुए व झुलसे हुए दो प्रतिशत से अधिक नहीं होने चाहिए।

### परेशानी न हो, सुखाकर लाएं सरसों

मंगलवार को हैफेड डीएम प्रवीण कुमार, मार्केट कमेटी के डीएमईओ सत्यप्रकाश, सचिव नरेन्द्र सिंह, हैफेड मैनेजर मनोज कुमार, एसओ अमरजीत, परचेजर राजबीर सिंह, अनिल कुमार व कर्मबीर ने सरसों की सरकारी खरीद शुरू की। सरसों की खरीद के बाद 72 घंटे में जे फार्म भरने पर किसानों को पेमेंट की जाएगी। अभी सरसों में 18 से 20 प्रतिशत तक नमी आ रही है। रेवाड़ी में हैफेड तथा बावल, कोसली व कंवाली में हरियाणा स्टेट वेयरहाउस की ओर से सरसों की खरीद की जाएगी। हैफेड मैनेजर मनोज कुमार ने किसानों से सरसों को सुखाकर लाने का आग्रह किया है, जिससे उनको परेशानी का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने कहा की सरसों की खरीद एक मई तक की जाएगी, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है।

## न्यूज डायरी

### डीटीपी की दो एकड़ में अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई



रेवाड़ी। डीटीपी की ओर से जिले में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनियों व निर्माणों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। मंगलवार को डीटीपी की ओर से शहरी क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित हो रही कॉलोनी को ध्वस्त किया गया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं।डीटीपी की टीम मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ माढैयां कलां पहुंची, जहां डीटीपी की टीम ने 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जेसीबी से जमींदोज किया। टीम ने दो अवैध निर्माण पर तोड़फोड की कार्रवाई की। डीटीपी राजेन्द्र टी शर्मा ने कहा कि लोग सोच समझ कर प्रॉपर्टी के लिए इनवेस्ट करें।

### नौकरी लगाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी एक काबू



रेवाड़ी। जाटूसाना थाना पुलिस ने नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव नंगली परसापुर निवासी दीपक के रूप में हुई है। गत वर्ष 17 मई को गांव गाजी गोपालपुर निवासी लक्ष्मीनारायण ने अपनी शिकायत में बताया था कि गांव नंगली परसापुर निवासी दीपक ने बहरोड़ में श्रीराम अकेडमी खोल रखी है। दीपक ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर बच्चों को नौकरी लगाने के नाम पर उससे 6 लाख रुपए, उसके गांव के नवनीत से 3 लाख रुपए तथा जिला झज्जर के गांव धनिया निवासी अशोक कुमार से 3 लाख रुपए सहित 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना जाटूसाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी। पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया है।

### भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने सौंपा ज्ञापन



रेवाड़ी। भारतीय किसान यूनियन चढूनी के प्रतिनिधि मंडी ने मंगलवार को एडीसी अनुपमा अंजलि से मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपा। प्रधान समय सिंह ने कहा कि 5 दिन पहले ओलावृष्टि और बारिश से किसानों की फसल बर्बाद हो गई, लेकिन पोर्टल नहीं खुलने से किसान अपना नुकसान दर्ज नहीं करा पा रहे है। पटवारी व तहसीलदार जान बूझकर कम नुकसान का आकलन कर रहे है। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को प्रधान गुरुनाम सिंह चढूनी रेवाड़ी आ रहे हैं। अगर दो दिन में पोर्टल नहीं खोला तो प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के राजेंद्र सिंह गेरा, ममता यादव, बाबूलाल रोडवेज, पुरुषोत्तम गोकलगढ़, शीशराम व वेद प्रकाश सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

### महिला से साइबर ठगी का आरोपी दो दिन के रिमांड पर



रेवाड़ी। साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के नाम पर वर्ष 2023 में एक महिला के साथ लगभग 2.24 लाख रुपये की ठगी करने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश करने के बाद दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सेक्टर-4 निवासी रिया चतुर्वेदी ने 25 नवंबर 2023 को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके मोबाइल पर 19 अगस्त 2023 को उसके व्हाट्स एप पर ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने का मैसेज आया था। इसके बाद वह टेलीग्राम पर भेजे गए लिंक को क्लिक करते हुए ग्रुप से जुड़ गई। उसे बार-बार टास्क कराने के नाम पर विभिन्न ट्रांजेक्शन से अलग-अलग खातों में 223400 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। जब उसने यह राशि वापस निकलाने का प्रयास किया तो उससे और पैसा जमा कराने को कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का पता चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

### पब्लिक हेल्थ कर्मचारियों से मारपीट, दो गिरफ्तार



रेवाड़ी। मोहल्ला मेहरवाड़ा में सीवर की सफाई कर रहे पब्लिक हेल्थ के कर्मचारियों के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में सिटी पुलिस ने चचेरे भाईयों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बाद में दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस बयान में सफाई कर्मचारी भरत निवासी गंगायचा अहीर ने बताया कि वह अपने साथ कर्मचारियों अभय और सुनील के साथ मेहरवाड़ा में सीवर की सफाई कर रहा था। मोहल्ले में रहने वाले चमन और उसका चचेरा भाई रोहित वहां आ गए। दोनों ने उनके साथ गाली-गलौज करना शुरू कर दिया। मना करने पर दोनों ने उनके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया, जिससे उसे ज्यादा चोटें आई हैं।

# कूलर कंपनी में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा





रेवाड़ी। फैक्ट्री में आग से जला सामान व जमा लोग तथा फैक्ट्री में लगी आग को बुझाते हुए फायर ब्रिगेड। फोटो : हरिभूमि

औद्योगिक एरिया में मंगलवार सुबह एक कूलर बनाने वाली कंपनी में आग लग गई। आग से करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। समय पर श्रमिकों को बाहर निकालने से बड़ा हादसा टल गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी।

सुबह करीब साढ़े 5 बजे एमपीपीएल कंपनी के एक हिस्से में पड़े प्लास्टिक के कबाड़ से धुआं उठने लगा। बताया जा रहा है कि उस समय कंपनी में काफी श्रमिक कार्य कर रहे थे। कंपनी में कूलर और कूलर की बॉडी तैयार होती है। वहां एक साइड प्लास्टिक का कचरा पड़ा हुआ था, जिसमें आग लग गई। श्रमिकों ने अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास किए, परंतु आग फैलती चली गई।

इसके बाद श्रमिक कंपनी से बाहर आ गए। फायर ब्रिगेड और पुलिस को इसकी सूचना दी गई। शुरू में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग भीषण होने के कारण रेवाड़ी, भिवाड़ी, पटौदी और गुरूग्राम से भी दमकल गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। लगभग चार घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। समय पर श्रमिक बाहर निकलने से जनहानि होने से टल गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका था। आगजनी का काफी सामान जलने का अनुमान है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाहर से बुलानी पड़ी गाड़ियां

आग इतनी भीषण थी कि पहले पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां काबू नहीं पा सकीं। इसके बाद रेवाड़ी, राजस्थान के भिवाड़ी, पटौदी और गुरूग्राम से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलानी पड़ीं। जब तक आग पर काबू पाया गया, तब तक कंपनी का बड़ा हिस्सा सामान सहित आग की भेंट चढ़ चुका था। दूसरी ओर कंपनी में आगजनी के बाद श्रमिकों को रोजगार की चिंता सताने लगी है। कंपनी प्रबंधकों ने दावा किया है कि श्रमिकों के सामने किसी तरह का संकट नहीं आने दिया जाएगा। श्रमिकों को कंपनी चालू होने तक दूसरे प्लांट में भी शिफ्ट किया जा सकता है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में महिला से ठगी के आरोपी। फोटो : हरिभूमि

# ऑनलाइन टास्क के नाम पर महिला से ठगी के चार आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। साउथ रेंज साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष एक महिला के साथ ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 7 जून को पुलिस शिकायत में महेश्वरी निवासी दीपिका रानी ने बताया कि 2 जून को उसके पास एक मैसेज आया था। मैसेज में ऑनलाइन टास्क से पैसा कमाने का ऑफर दिया गया था। लिंक पर क्लिक करने के बाद 100 रुपये बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर किए। इसके बदले उसके खाते में 300 रुपये दर्शाए गए। इसके बाद उसे बड़े टास्क का लालच दिया गया। उससे विभिन्न ट्रांजेक्शन के जरिए 494880 रुपये ट्रांसफर करा लिए गए। जब उसने अपनी राशि निकालने का प्रयास किया, तो उसे और पैसे जमा कराने के लिए कहा गया। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। इस मामले में पुलिस ने यूनी के रानीपुरा निवासी विशाल, यूपी के झांसी के नैनागढ़ नगरा निवासी राहुल, तैलइया मोहल्ला नैनागढ़ निवासी निहाल सिंह व इसी मोहल्ले के रहने वाले हर्ष को गिरफ्तार किया है।

# मोबाइल व नकदी छीनने के तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में तीन आरोपी।

गोकल गेट चौकी पुलिस ने रेलवे चौक के पास एक व्यक्ति से मोबाइल फोन व नकदी छीनने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गांव बीकानेर निवासी संदीप उर्फ बच्ची, मोहल्ला मुक्तिवाड़ा निवासी हेमंत व गांव रामपुरा निवासी संजू उर्फ दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियो के कब्जे से छीना हुआ मोबाइल फोन व 600 रुपये की नकदी बरामद की है।

जिला महेंद्रगढ़ के गांव गुढा निवासी सुरेन्द्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह गत 15 मार्च की रात्रि के समय अपने गांव जाने के लिए रेलवे चौक से रेलवे स्टेशन की तरफ जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे तीन युवक उसकी जेब से मोबाइल फोन व नकदी छीनकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी।

पुलिस ने सोमवार को मामले में संलिप्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

**राजनीति** भाजपा के राव विरोधी खेमे को मौका मिलने के आसार कम, पार्टी हाईकमान को केंद्रीय मंत्री में ही नजर आने लगा दम

# जिलाध्यक्ष नियुक्ति के बाद चेयरमैनी पर नजर, राव के समर्थक को मिल सकता है मौका

आरोपियों के पास से पल्सर, स्कूटी वाहन भी किए गए जब्त

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा हाईकमान ने संगठन से लेकर सरकार तक में पद आवंटन के समय केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत समर्थकों को दूर रखा था। उनके विरोधी खेमे से जुड़े नेताओं को तवज्जो देकर पार्टी ने राव समर्थकों को निराश कर दिया था। पिछले विधानसभा चुनावों के बाद हालात बदल चुके हैं। दक्षिणी हरियाणा में राव के प्रभाव से मिली पार्टी को सफलता के बाद संगठन और सरकार दोनों में ही राव का पलड़ा भारी नजर आने लगा है। पार्टी अपने जिलाध्यक्षों की घोषणा कर चुकी है। अब जल्द ही बोर्ड व निगमों में चेयरमैन बनाए जाने हैं, जिनमें राव समर्थकों को मौका मिल सकता है।

जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के समय रेवाड़ी में डा. वंदना पोपली को दोबारा जिम्मेदारी सौंपना राव इंद्रजीत सिंह की सहमति से ही संभव हुआ है। नामांकन के समय राव के दूसरे समर्थकों का दूर रहना इस बात का परिणाम था कि राव ने वंदना के नाम पर ही मुहर लगा दी थी। वंदना को दूसरी बार मौका मिलने से रोकने के लिए एक विधायक ने अपनी ओर से पूरी ताकत लगा दी थी, परंतु राव का आशीर्वाद विधायक के प्रयासों की राह में रोड़ा बन गया। वंदना की काट के रूप में दो महिला कार्यकर्ताओं को भी चुनाव लड़ने की दौड़ में शामिल किया गया था। अंदरखाने वंदना को पद से हटवाने के जोरदार प्रयास किए गए, लेकिन विरोधी खेमा उनकी कुर्सी को हिला नहीं पाया। वंदना को जिलाध्यक्ष के रूप में दूसरी पारी खेलने का मौका मिलने से उनके विरोधियों को बड़ा झटका लगा है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब सरकार बोर्ड और निगमों में चेयरमैन नियुक्त करने में ज्यादा समय नहीं लगाएगी। इस माह के अंत तक या अप्रैल माह में नियुक्तियां की जा सकती हैं। जिले से किसी एक पार्टी कार्यकर्ता को चेयरमैन बनाया जा सकता है। ऐसा माना जा रहा है कि मुश्किल समय में दक्षिणी हरियाणा में भाजपा की 'सफलता की कुंजी' साबित हो चुके राव को इन नियुक्तियों में भी पूरा भाव दिया जाएगा। सरकार में उनकी बेटी आरती राव के कैबिनेट मंत्री होने के कारण इस बार राव विरोधी खेमे को चेयरमैनी भी नसीब होने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं।



सुनील मुसेपुर।



अजय पटौदा।



हुकमचंद यादव।

### अरविंद को दो बार दिया गया मौका

वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने वरिष्ठ भाजपा नेता डा. अरविंद यादव पर रेवाड़ी हलके में पार्टी प्रत्याशी सुनील मुसेपुर का विरोध करने के आरोप लगाए थे। इन चुनावों के बाद ही राव और अरविंद के बीच छत्तीस का आंकड़ा बन गया था। तत्कालीन सीएम मनोहरलाल ने अरविंद यादव को हरको बैंक का चेयरमैन बनाकर राव को झटका देने का काम किया था। राव समर्थकों ने अरविंद को चेयरमैन बनाने का विरोध भी किया था। कार्यकाल पूरा होने के बाद भी अरविंद को हरको बैंक से हटाकर पर्यटन निगम का चेयरमैन बनाया गया था। वह एक बार फिर चेयरमैनी हासिल करने का प्रयास कर सकते हैं।

### राव के समर्थकों को पद का इंतजार

इस बार राव के खास समर्थक चेयरमैनी भी उनके पाले में आने का इंतजार कर रहे हैं। टिकट नहीं मिलने के बावजूद विधानसभा चुनावों में राव के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाले सुनील मुसेपुर को चेयरमैन बनाकर उनका राजनीतिक वनवास खत्म किया जा सकता है। सुनील के साथ-साथ अजय पटौदा भी चेयरमैन पद हासिल करने की दौड़ में शामिल हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष हुकमचंद भी राव इंद्रजीत के खास समर्थक माने जाते हैं। राव से नजदीकियों के कारण उन्हें समय से पहले पद से हाथ धोना पड़ा था। हुकमचंद यादव की नजरें भी अब राव के आशीर्वाद पर टिकी हुई हैं।